देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 53 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**कोरोना को 'वूहान वायरस'



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 22 मई 2020



मौसम अधिकतम 39.0° न्यूनतम 24.0°

30932.90

2 कोरोना के मारे पाक ने फैलाए हाथ

7 आईपीएल में खेलने को उत्सुक हैं कमिंस

## संक्षिप्त समाचार

### बागी अदिति सिंह को कांग्रेस ने किया निलंबित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से सदर विधायक अदिति सिंह को कांग्रेस ने पार्टी से निलंबित कर दिया है। वह कांग्रेस में महिला विंग की महासचिव भी थीं। पार्टी ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया है। पार्टी के इस फैसले पर अदिति सिंह ने कहा कि वह फैसले का स्वागत करती हैं। एक दिन पहले ही अदिति ने कांग्रेस और बीजेपी के बीच चल रह बस पॉलिटिक्स में ट्वीट करके अपनी ही पार्टी को निशाने पर लिया था। अदिति सिंह पर कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियां करने का आरोप लगाया है।

### सोनिया गांधी पर एफआईआर, भ्रामक ट्वीट का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पीएम केयर्स फंड पर एक ट्वीट को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज हुई है। यह शिकायत कर्नाटक में दी गई थी, जिसपर पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की। शिकायत करनेवाला शख्स बीजेपी का कार्यकर्ता होने के साथ-साथ वकील भी है। शिकायत में लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया गया था।

### वैज्ञानिकों ने पहली बार खोजा एलियन प्लेनेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
न्यूयॉर्क। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने पहली बार एलियन प्लेनेट की खोज की है। यह प्लेनेट घने गैस और धूल के कणों से भरा हुआ है। वैज्ञानिकों ने बताया कि यह प्लेनेट एबी ऑरिजे नाम के एक तारे के चारों ओर बन रहा है। एबी ऑरिजे का द्रव्यमान हमारे सूर्य से 2.4 गुना ज्यादा है। यह प्लेनेट धरती से 520 प्रकाशवर्ष की दूरी पर स्थित है। इस प्लेनेट को चिली में स्थित यूरोपीय साउथर्न ऑब्जरवेटरी के वेरी लॉर्ज टेलिस्कोप से पहली बार देखा गया।

# प्लेन की बीच की सीट नहीं रहेगी खाली

## 25 मई से घरेलू फ्लाइट सर्विस शुरू हो रही है

घरेलू उड़ानों का किराया रूट के हिसाब से

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 25 मई यानी आने वाले सोमवार से घरेलू उड़ानों को करीब दो महीने बाद शुरू किया जा रहा है। हालांकि बहुत कुछ पहले जैसा नहीं होगा। घरेलू उड़ानों के लिए जरूरी गाइडलाइन्स और एसओपी पहले ही जारी किए जा चुके हैं। हवाई अड्डे पर फिजिकल चेक-इन नहीं होगा, आरोग्य सेतु ऐप जरूरी है और साथ ही एक-तिहाई कपैसिटी के साथ ही संचालन धीरे-धीरे शुरू किया जाएगा।

एविएशन मंत्री हरदीप पुरी ने बताया कि सबकी सहमति से हम 25 मई से कैलिबरेटेड तरीके से उड़ानों का संचालन शुरू करेंगे। गर्मियों के शेड्यूल 2020 के हिसाब से एक-तिहाई कपैसिटी के हिसाब से संचालन होगा। वहीं साप्ताहिक डिपार्चर 100 तक सीमित होगा। किराये को लेकर हरदीप पुरी ने कहा कि रूट्स को 7 सेक्शन में बांटा गया है, उसी के आधार पर किराया लिया जाएगा। दिल्ली से मुंबई का किराया यात्रा के लिए मिनिमम 3,500 और मैक्सिमम 10 हजार होगा, जो 90 मिनट से 120 मिनट की कैटिगरी में आती है।

**40 प्रतिशत टिकटें आधे से कम दाम पर:** इसके अलावा. 40 प्रतिशत सीटें आधे से कम किराये पर बुक की जाएंगी। इसका उदाहरण देते हुए समझाया गया कि कैसे मिनिमम और मैक्सिमम किमराये के बीच के पॉइंट से कम पर 40 प्रतिशत सीटें बुक होंगी।

**सोशल डिस्टेंसिंग कैसे?:** हरदीप पुरी ने मिडल सीट खाली रखने के सवाल पर कहा, उड़ान के दौरान बीच की सीट खाली नहीं जाएगी। हर उड़ान के बाद फ्लाइट को डिसइन्फेक्ट किया जाता है। यात्रियों और क्रू के लिए हर सावधानी बरती जाती है। अगर मिडिल सीट खाली छोड़ दें तो इसका भार यात्रियों पर जाएगा।



### यात्रियों को पहनना होगा फेस मास्क, सैनिटाइजर लाना होगा

हरदीप पुरी ने बताया कि यात्री को सुरक्षात्मक गियर, फेस मास्क पहनना होगा। सैनिटाइजर की बोतल भी उसके पास होनी चाहिए। यात्रा के दौरान कोई खाना नहीं दिया जाएगा। पानी जरूर सीट पर दिया जाएगा। फ्लाइट में कैबिन क्रू पूरी तरह के सुरक्षा उपकरणों से लेस होंगे। चेक इन के दौरान सिर्फ एक बैग लेकर जाने की छूट होगी। फ्लाइट के वक्त से दो घंटे पहले यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचना होगा।

### 1 जून से शुरू होंगी पैसेंजर ट्रेनें

नई दिल्ली। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने बताया है कि पिछले ढाई घंटे में 4 लाख से ज्यादा लोगों ने सेकंड क्लास पैसेंजर ट्रेन के लिए बुकिंग करवाई है। इनमें से कई लोग वो हैं जो अपने घरों को वापस जाना चाहता हैं। रेल मंत्री ने बताया कि इनमें ऐसे भी कई लोग शामिल हैं जो काम के लिए शहरों में वापस लौटना चाहते हैं, जो बहुत ही अच्छी बात है। बता दें कि 1 जून से पैसेंजर ट्रेनें शुरू होने जा रही हैं। पीयूष गोयल ने आगे कहा कि देशभर में शुक्रवार से 1.7 लाख सर्विस सेंटर खोल दिए जाएंगे और लोग यहां जाकर अपनी टिकट बुकिंग करवा सकेंगे। इसके अलावा 2-3 दिनों में विभिन्न टिकिट रेलवे स्टेशनों पर टिकट काउंटरों पर भी बुकिंग सेवा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हम एक प्रोटोकॉल विकसित कर रहे हैं।

# प्रभावितों की मदद में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

## मोदी ने कहा, राज्यों ने डटकर किया तूफान का मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अम्फान चक्रवात ने तटीय राज्यों पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भारी तबाही मचाई है। दर्जनों की मौत के अलावा दोनों राज्यों में व्यापक स्तर पर नुकसान हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बीच ट्वीट कर प्रभावित राज्यों के लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आए संकट के इस वक्त में सारा देश राज्य के लोगों के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों प्रदेश तूफान का डटकर मुकाबला कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी सभी प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। मैं स्थिति के जल्द से जल्द सामान्य होने के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में अम्फान से भारी तबाही के मंजर देखे गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण वक्त में सारा देश राज्य के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

प्रदेश में सामान्य स्थिति लाने के लिए कोशिश जारी है। पीएम ने अन्य ट्वीट में बताया कि तूफान से प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ की टीमें मुस्तैदी से काम कर रही हैं। शीर्ष अधिकारी स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं और पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग के साथ बचाव कार्य कर रहे हैं। प्रभावितों की मदद में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में चक्रवात से भारी तबाही हुई है। बंगाल में 12 लोगों की मौत भी हो गई है।

### तूफान से 72 की मौत, बंगाल आकर देखें पीएम: ममता

अम्फान के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ममता बनर्जी ने कहा, अभी तक पश्चिम बंगाल में 72 लोगों की मौत हो चुकी है। मैंने आज तक ऐसी तबाही नहीं देखी है। मैं प्रधानमंत्री से अपील करूंगी कि वह बंगाल आएं और हालात देखें। जिन लोगों की मौत हुई है, उनके परिवार को 2.5 लाख का मुआवजा देने का ऐलान करती हूं।

### देश में कोरोना मामले 1,12,359 तक पहुंचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोविड-19 के मामले बृहस्पतिवार को बढ़कर 1,12,359 तक पहुंच गए, जबकि संक्रमण के कारण मरने वाले लोगों की संख्या 3,435 हो गई। पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के संक्रमण से 132 लोगों की मौत हो गई और 5,609 नए मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में अभी 63,624 लोगों का इलाज चल रहा है, जबकि 45,299 लोग ठीक हो चुके हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "इस प्रकार, अब तक लगभग 40.32 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं।" कुल पुष्टि किए गए मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। बुधवार सुबह से अब तक हुई 132 मौतों में से 65 महाराष्ट्र में, 30 गुजरात में, नौ मध्य प्रदेश में, आठ दिल्ली में, चार-चार राजस्थान और उत्तर प्रदेश में, तीन-तीन पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में, दो तेलंगाना में, और एक-एक मौत आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, बिहार और ओडिशा में हुई है।

### पुलवामा में आतंकी हमला दो पुलिसवाले हुए जख्मी

■सीआरपीएफ और पुलिस की टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पुलवामा। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमला हुआ है। इस हमले में दो पुलिसवाले घायल हो गए। बताया जा रहा है कि इनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस और सेना ने इलाके में घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। आतंकियों ने यह हमला घात लगाकर किया है।

लॉकडाउन के चलते पुलवामा की शुरुआत में ही पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों का एक नाका लगाया गया था। यहां पर जवान मौजूद थे। बताया जा रहा है कि दोपहर को इस नाके पर आंतकवादियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले से जब तक सेना और पुलिस के जवान कुछ समझते, जवानों को गोली लग चुकी थी। जवानों ने जवाबी फायरिंग की, लेकिन आंतकी वहां से भाग निकले। सेना ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और वहां तलाशी अभियान तेज कर दिया है। हालांकि अभी तक कोई आंतकी पकड़ा नहीं गया है।

**इलाके की घेराबंदी कर शुरू हुआ सर्च अभियान:** सीआरपीएफ के सूत्रों ने बताया कि हमला पुलवामा की शुरुआत में ही बाजार के पास लगाए गए पुलिस और सीआरपीएफ के नाके पर हुआ है। सेना और पुलिस ने पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है और कॉम्बिंग की जा रही है।

### टूटे घर, बिखरे सामान..अम्फान तोड़ गया अरमान

कोरोना से ज्यादा भयंकर अम्फान: ममता बनर्जी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। कोलकाता समेत पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में तबाही मचाने वाले अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान अम्फान के कारण 12 लोगों की मौत हो गई है। हजारों मकान नष्ट हो गए और निचले इलाकों में पानी भर गया। कई घर तबाह हो गए हैं। तूफान थमने के बाद गरीब परिवार के लोग मलबों से अपनी गहस्थी समेटते नजर आए। भारी बारिश और 190 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ अम्फान बुधवार दोपहर ढाई बजे पश्चिम बंगाल के दीघा तट पर पहुंचा। इसके बाद राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और तूफान आया। कोलकाता में 125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं ने कारों को पलट दिया। सुंदरवन डेल्टा के तटबंध इस चक्रवात के कारण टूट गए।

अम्फान ने बंगाल में भारी तबाही मचाई है। ममता बनर्जी ने कहा कि अम्फान का प्रभाव कोरोना वायरस से भी ज्यादा भीषण है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in